भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2217
बुधवार, 12 मार्च, 2025 को उत्तर देने के लिए

भारत द्वारा प्रक्षेपित विदेशी और स्वदेशी उपग्रह

2217. डॉ. राजीव भारद्वाज:

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत दस वर्षों के दौरान भारत द्वारा प्रक्षेपित किए गए विदेशी और स्वदेशी उपग्रहों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान विदेशी उपग्रहों के प्रक्षेपण से सरकार को कितना राजस्व प्राप्त हुआ;

(ग) क्या विकसित देशों के उपग्रह भी भारत द्वारा प्रक्षेपित किए गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री
(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :
****

(क) जनवरी 2015 से दिसंबर 2024 तक पिछले दस वर्षों के दौरान, इसरो के पीएसएलवी, एलवीएम3 और एसएसएलवी प्रमोचन यानों द्वारा कुल 393 विदेशी उपग्रहों और 3 भारतीय ग्राहक के उपग्रहों को वाणिज्यिक आधार पर प्रक्षेपित किया गया है।

(ख) जनवरी 2015 से दिसंबर 2024 की अवधि के दौरान विदेशी उपग्रहों के प्रक्षेपण के माध्यम से सरकार द्वारा अर्जित विदेशी मुद्रा राजस्व लगभग 143 मिलियन अमरीकी डालर और 272 मिलियन यूरो है।

(ग) एवं (घ)

जी, हां। भारत ने 2014 से अब तक विकसित देशों के उपग्रहों सहित 34 देशों के उपग्रह प्रक्षेपित किए हैं, जिनकी सूची नीचे दी गई है:

संयुक्त राज्य अमेरिका (232), यूनाइटेड किंगडम (83), सिंगापुर (19), कनाडा (8), कोरिया (5) लक्जमबर्ग (4), इटली (4), जर्मनी (3), बेल्जियम (3), फिनलैंड (3), फ्रांस (3), स्विट्जरलैंड (2), नीदरलैंड (2), जापान (2), इजरायल (2), स्पेन (2), ऑस्ट्रेलिया (1), संयुक्त अरब अमीरात (1), ऑस्ट्रिया (1), आदि।

****